राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

08 अप्रैल 2025

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

Rajasthan Current Affairs

GET IT ON Google Play

Download App

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

Q. राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025 के तहत राज्य में कितने नए टेक्सटाइल पार्क विकसित होंगे ?

(a) 4

(b) 7

(c) 5

(d) इनमें से कोई नही

- राजस्थान सरकार ने प्रदेश में 'राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025' लागू की है।राज्य में 'फाइबर से फैशन तक' के विजन के साथ यह नीति लागू की गई है।
- इस नीति के माध्यम से 5 नए टेक्सटाइल पार्क विकसित करने के साथ ही, नई व विस्तारित हो रही परिधान निर्माण इकाइयों को सहायता दी जाएगी।
- यह नीति प्रदेश को आधुनिक टेक्सटाइल एवं अपैरल विनिर्माण के नए केन्द्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। इस नीति में पर्याप्त और आकर्षक वित्तीय इन्सेंटिव्स के प्रावधान किए गए हैं

01.हाल ही में टाइप-1 डायबिटीज देखभाल के लिए देश के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी की शुरूआत पूरे प्रदेश में कब की गई है

(A) 3 अप्रैल 2025

(B) 5 अप्रैल 2025

(C) 7 अप्रैल 2025

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

♦ टाइप-1 डायबिटीज देखभाल के लिए देश के पहले समर्पित कार्यक्रम की शुरूआत राजस्थान में की गई

♦राज्य सरकार ने टाइप-1 डायबिटीज़ देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भारत के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी को शुरू किया है।

♦ पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत जयपुर, नागौर, उदयपुर और जोधपुर के 12 जिला और उप जिला अस्पतालों से की गई।

♦ अब 7 अप्रैल से प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से ये प्रारंभ की जा रही है।

02.मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई है?

(a) हरियाणा

(b) राजस्थान

(c) मध्यप्रदेश

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

♦राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में 7 अप्रैल से मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना शुरू की गई है

♦ मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल है।

♦इसके तहत प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांक में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने वाली ग्राम पंचायत को 11 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

03. राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 'निरामय राजस्थान अभियान' का शुभारंभ किया,?

(A) 07 अप्रैल

(B) 01 अप्रैल

(C) 05 अप्रैल

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:

♦विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 07 अप्रैल को 'निरामय राजस्थान अभियान' का आगाज किया

♦चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट की तर्ज पर आज राज्य में निरामय राजस्थान अभियान की शुरूआत की गई है।

♦इसके तहत बीमारियों की रोकथाम के साथ बचाव पर भी जोर दिया जाएगा।

04. राजस्थान में हरित अरावली विकास परियोजना के लिए कितनी राशि की घोषणा की गई है

(a) 250 करोड़ रुपये

(b) 100 करोड़ रुपये

(c) 500 करोड़ रुपये

(d) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

✅ राज्य में हरित अरावली विकास परियोजना के लिए 250 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है

♦अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट राजस्थान के उदयपुर ज़िले में सबसे ज़्यादा शामिल है. यह प्रोजेक्ट, अरावली पर्वत श्रृंखला के आस-पास के इलाकों को हरा-भरा बनाने का मकसद रखता है.

इस प्रोजेक्ट के तहत, पोरबंदर से पानीपत तक के लिए हरित पट्टी बनाने की योजना है.

♦अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास 1,400 किलोमीटर लंबी और 5 किलोमीटर चौड़ी एक हरित पट्टी (Green Belt) बनाना है, जो हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली राज्यों में फैली हुई है।

05. राजस्थान में मुख्यमंत्री स्पोर्ट्स पर्सन बीमा योजना 2024 में कितने वर्ष से कम उम्र के खिलाडी शामिल किए गए हैं.

(A) 60 वर्ष

(B) 70 वर्ष

(C) 50 वर्ष

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

➥राजस्थान के अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडियों को नि:शुल्क दुर्घटना बीमा एवं जीवन बीमा कवरेज प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री स्पोर्ट्स पर्सन बीमा योजना 2024 प्रारम्भ की गई है.

♦60 वर्ष से कम उम्र के खिलाडी इस योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए हैं. यह योजना राजस्थान के मूल निवासी खिलाड़ियों के लिए है.

♦यह योजना आगामी एक वर्ष के लिए होगी. उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत राजस्थान के वर्तमान और पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता समस्त खिलाडी शामिल किए गए हैं.

06. केंद्र सरकार ने किस मंदिर के विकास के लिए 'प्रसाद योजना' के तहत ₹22.57 करोड़ की स्वीकृति दी है?

(a) करणी माता मंदिर, देशनोक

(b) सालासर बालाजी मंदिर

(c) खाटूश्यामजी मंदिर

(d) इनमें से कोई नही

Important Facts:

♦केंद्र सरकार ने करणी माता मंदिर, देशनोक (बीकानेर) के विकास के लिए 'प्रसाद योजना' के तहत ₹22.57 करोड़ की स्वीकृति दी है।

♦इस योजना का मकसद, श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाना है

♦प्रसाद योजना साल 2014-2015 में शुरू हुई थी. यह योजना पर्यटन मंत्रालय के तहत आती है. इसका फुल फ़ॉर्म है – तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान.

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

07.राजस्थान में किन नदियों के संगम पर बांसवाड़ा जिले में राजस्थान का दूसरा हैंगिंग ब्रिज बनाया जा रहा है?

(A) माही तथा कागदी

(B) एराव तथा कागदी

(C) माही तथा अनास

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

Important Facts:

➥माही तथा अनास नदी के संगम पर बांसवाड़ा जिले में राजस्थान का दूसरा हैंगिंग ब्रिज बनाया जा रहा है|

♦ सेंसर सपोर्ट टेक्नोलॉजी वाला यह राजस्थान का पहला ब्रिज है, जो पुल पर किस समय कितना वजन लोड है इसकी जानकारी देगा|

♦यह ब्रिज बांसवाड़ा जिले में गुजरात, मध्य प्रदेश राजस्थान की सीमा पर बनाया जा रहा है|• लागत – 105 करोड़, लंबाई – 906 मीटर

◆ कोटा जिले में NH – 27 पर चंबल नदी पर राजस्थान का पहला हैंगिंग ब्रिज बनाया गया

08.हाल ही में पीपल एंड नेचर सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड से सम्मानित किया गया है?

(A) डॉ. अजय शर्मा

(B) डॉ. अजय मल्होत्रा

(C) डॉ. कमलेश शर्मा

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

♦बाघ संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत रणथंभौर की विश्व प्रसिद्ध संस्था टाइगर वॉच की ओर से वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति वन्यजीव संरक्षण पुरस्कारों के तहत पुलिस मुख्यालय में कार्यरत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर व लेखक डॉ. कमलेश शर्मा को पीपल एंड नेचर सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

♦बांसवाड़ा जिले के बड़ोदिया कस्बे के मूल निवासी डॉ. कमलेश शर्मा को यह अवार्ड उनके पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में दीर्घकालिक समर्पण व स्वस्फूर्त प्रयासों के लिए दिया गया।

09. विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 का थीम क्या है?

(a) Health is Wealth – स्वास्थ्य ही संपत्ति है

(b) Towards a Better Tomorrow – एक बेहतर कल की ओर

(c) Healthy Start, Hopeful Future – स्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य

(d) Health for All – सबके लिए स्वास्थ्य

Important Facts:

➥विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 को 7 अप्रैल को मनाया जा रहा है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की 1948 में हुई स्थापना की वर्षगांठ का प्रतीक है.

♦इस वर्ष का थीम है "स्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य" (Healthy Beginnings, Hopeful Futures), जो विशेष रूप से मातृ और नवजात शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित है.

♦इसका उद्देश्य दुनिया भर के परिवारों और समुदायों के लिए एक बेहतर और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना है.

10. भारत का 62वां राष्ट्रीय समुद्री दिवस कब मनाया गया?

(a) 6 अप्रैल 2025

(b) 5 अप्रैल 2025

(c) 1 अप्रैल 2025

(d) 4 अप्रैल 2025

GK SEARCH ENGINE

Important Facts:

➥ भारत ने 5 अप्रैल, 2025 को 62वां राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया.

♦यह दिवस 1919 में एसएस लॉयल्टी की ऐतिहासिक यात्रा की याद में मनाया जाता है, जो पहला भारतीय स्वामित्व वाला व्यापारी जहाज था और मुंबई से लंदन की ओर रवाना हुआ था.

♦यह अवसर देश की समृद्ध समुद्री विरासत को सम्मानित करता है और वैश्विक व्यापार एवं आर्थिक विकास में भारतीय शिपिंग उद्योग की अहम भूमिका को रेखांकित करता है.

Today, Quiz:

Q.हाल ही में राजस्थान में सरस लाडो मायरा योजना की शुरुआत कब हुई है?

(A) 3 अप्रैल 2025

(B) 5 अप्रैल 2025

(C) 1 अप्रैल 2025

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine